# न्यायालयः– अनन्य विशेष न्यायाधीश (उत्पाद), शिवहर

## शिवहर थाना काण्ड संख्या– 111/2022

**Excise No- 1620/2022**(सरकार बनाम सत्यनारायण कुमार वगै0)

27.05.2025 :– विचारण के दो अभियुक्तगण (1) सत्यनारायण कुमार एवं (2) धर्मेन्द्र पासवान कि ओर से शपत पत्र एवं आवेदन दाखिल किया गया। आवेदन को विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रचालित किया गया।

आवेदक अभियुक्तगण (1) सत्यनारायण कुमार एवं (2) धर्मेन्द्र पासवान के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि अभियुक्तगण पर प्रस्तुत वाद में शराब पीने का धारा –37(2) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम–2016–2018 का अभियोग हैं। धारा –37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद(संशोधित) अधिनियम– 2022 के अंतर्गत अर्थदण्ड का प्रावधान हैं। आवेदक अभियुक्तगण का यह प्रथम अपराध है एवं अपना दोष स्वीकार करते है। अतः इसे न्यूनतम अर्थदण्ड लेकर वाद का निष्पादन करने की कृपा की जाय।

सुना। अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत वाद में धारा– 37(2) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम–2016 के अंतर्गत अभियुक्तगण (1) सत्यनारायण कुमार एवं (2) धर्मेन्द्र पासवान के विरूद्व अभियोग है। अभियुक्तगण अपना दोष स्वीकार करते है एवं शपथ पत्र दाखिल कर यह कथन करते है कि यह उनका पहला अपराध है।

अतः धारा–37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद ( संशोधत) अधिनियम– 2022 के नियम 18(3) के आलोक में अलग विहित प्रपत्र– VII में आदेश पारित किया जाता हैं।

लेखापित

अनन्य विशेष न्यायाधीश(उत्पाद)

शिवहर।

<u>बाद में</u>

27.05.2025 :— उपरोक्त आदेश के आलोक में अभियुक्तगण (1) सत्यनारायण कुमार एवं (2) धर्मेन्द्र पासवान द्वारा अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि प्रत्येक पर मों0—2,500/—( दो हजार पॉच सौ रू0) चलान के माध्यम से नजारत रसीद संख्या—...2228 2229.......दिनांक— 27.05.2025 एवं चलान सं0—..134...../..133... .../25—26 दिनांक— 27.05.2025 के द्वारा जमा की गई है। तद्नुसार इस वाद में अभियुक्तगण के विरूद्व लगे आरोप धारा—37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद(संशोधित) अधिनियम—2022 का वाद निष्पादित किया जाता है। कार्यालय अभिलेख नियमानुसार अभिलेख नियमानुसार अभिलेखागार में जमा करें।

लेखापित

अनन्य विशेष न्यायाधीश(उत्पाद)
शिवहर।

## प्रपत्र–VII

### आदेश – पत्र के लिए फार्मेट

( नियम 18 देखें )

न्यायालयः– अनन्य विशेष न्यायाधीश (उत्पाद), शिवहर

केश नं0– Excise 1620/22 (शिवहर थाना - 111/2022)

बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम 2016

1. अभियुक्त का नाम– धर्मेन्द्र पासवान
2. उम्र– 22 वर्ष
3. पिता का नाम– रामचन्द्र पासवान
4. पता– ग्राम - गुदहनी, थाना - पिपराही, जिला - शिवहर
5. गिरफ्तारी की तिथि, समय और स्थान– 29-03-22, 21:50 p.m. राजकमल चौक
6. पुलिस/उत्पाद पदाधिकारी द्वारा जॉच रिपोर्ट समर्पित करने की तिथि–

पुलिस/उत्पाद पदाधिकारी द्वारा समर्पित उपर उल्लिखित जॉच रिपोर्ट का अवलोकन किया। आज पुलिस/उत्पाद पदाधिकारी द्वारा उक्त अभियुक्त को प्रस्तुत किया गया है। मैं एतद् द्वारा बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा–37 के अधीन संज्ञान लेता हूँ ।

अभियुक्त के विरूद्ध आरोप है कि उसने दिनांक 29-3-22 को पहली बार अल्कोहल का उपभोग किया था और वह राजकमल चौक (स्थान) में पकड़ा गया। अभियुक्त की चिकित्सीय जॉच/श्वसन विश्लेषण करायी गयी जिससे सम्पुष्ट हुआ कि उसने अल्कोहल/शराब का उपयोग किया था।

उपर्युक्त आरोप अभियुक्त को पढ़कर समझाया गया। मैनें उसका बयान दर्ज किया।

अभियुक्त से पूछा गया कि क्या वह दोषी होने का वचन करता है? उसने दोषी होने का अभीवचन किया है। मैं प्रथम दृष्ट्या संतुष्ट हूँ कि उसके विरूद्ध आरोप सुआधारित हैं ।

इसलिए अभियुक्त को बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2022 की धारा 37 के अधीन 2500 रूपये की राशि के भुगतान करने या उक्त जुर्माने की राशि के भुगतान में चूक होने पर 30 दिनों के कारावास भोगने का दंडादेश दिया जाता है।

27-5-25

अनन्य विशेष न्यायाधीश (उत्पाद),
शिवहर।

तिथिः– 27-05-25

स्थानः– शिवहर

## प्रपत्र–VII

**आदेश – पत्र के लिए फार्मेट**

( नियम 18 देखें )

न्यायालयः– अनन्य विशेष न्यायाधीश (उत्पाद), शिवहर

केश नं0– Excise-1620/20 (शिवहर थाना-111/2022)

बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम 2016

1. अभियुक्त का नाम– सत्यनारायण कुमार
2. उम्र– 21 वर्ष
3. पिता का नाम– श्रीभगवान राय
4. पता– ग्रा०- नड्डा, थाना- मैरीगंज, जिला- पश्चिम चम्पारण
5. गिरफ्तारी की तिथि, समय और स्थान– 29-03-22, 21:50 pm, रानीमान चौक
6. पुलिस/उत्पाद पदाधिकारी द्वारा जॉच रिपोर्ट समर्पित करने की तिथि– 29-3-22

पुलिस/उत्पाद पदाधिकारी द्वारा समर्पित उपर उल्लिखित जॉच रिपोर्ट का अवलोकन किया। आज पुलिस/उत्पाद पदाधिकारी द्वारा उक्त अभियुक्त को प्रस्तुत किया गया है। मैं एतद् द्वारा बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा–37 के अधीन संज्ञान लेता हूँ ।

अभियुक्त के विरूद्ध आरोप है कि उसने दिनांक 29-03-22 को पहली बार अल्कोहल का उपभोग किया था और वह रानीमान चौक (स्थान) में पकड़ा गया। अभियुक्त की चिकित्सीय जॉच/श्वसन विश्लेषण करायी गयी जिससे सम्पुष्ट हुआ कि उसने अल्कोहल/शराब का उपयोग किया था।

उपर्युक्त आरोप अभियुक्त को पढ़कर समझाया गया। मैनें उसका बयान दर्ज किया।

अभियुक्त से पूछा गया कि क्या वह दोषी होने का वचन करता है? उसने दोषी होने का अभीवचन किया है। मैं प्रथम दृष्ट्या संतुष्ट हूँ कि उसके विरूद्ध आरोप सुआधारित हैं ।

इसलिए अभियुक्त को बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2022 की धारा 37 के अधीन 2500 रूपये की राशि के भुगतान करने या उक्त जुर्माने की राशि के भुगतान में चूक होने पर 30 दिनों के कारावास भोगने का दंडादेश दिया जाता है।

अनन्य विशेष न्यायाधीश (उत्पाद),
शिवहर।

तिथिः– 27/05/22
स्थानः– शिवहर